कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

एक कदम स्वच्छता की ओर

दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013 , Email:- commnngm-uda-rj@nic.in, website:- www.udaipurmc.org

क्रमांक :– आ/जा/171/24-25 दिनांकः– 17.3.25

कार्यालय आदेश

उदयपुर नगर निगम द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) के सभी जोनो (1,2,3,4,) में रोड़/नाली सफाई एवं परिवहन का कार्य वर्तमान में संवेदक के माध्यम से करवाया जा रहा है परन्तु पर्याप्त निगरानी के अभाव में UDA क्षेत्र में साफ–सफाई के कार्य की गुणवत्ता अत्यन्त न्यून है।

अतः UDA क्षेत्र में रोड़/नाली सफाई कार्य एवं परिवहन की निगरानी एवं कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त, नगर निगम को प्रभारी अधिकारी तथा निम्न तालिका अनुसार सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

क्र.स.	सह प्रभारी का नाम	पद	आवंटन क्षेत्र
1.	श्री सुभाष चन्द्र शर्मा	स्वास्थ्य निरीक्षक	जोन 1
2.	श्री सुनिल बोडा	सहायक अभियंता	जोन 2
3.	श्री सत्यनारायण शर्मा	स्वास्थ्य अधिकारी (का.)	जोन 3
4.	श्री नरेन्द्र श्रीमाली	स्वास्थ्य प्रभारी	जोन 4

उपरोक्तानुसार प्रभारी एवं सहप्रभारी निम्न व्यवस्थाये सुनिश्चित करेंगेः–

1. आवंटित UDA जोन के अन्तर्गत आने वाले समस्त गावों/कॉलोनिया/क्षेत्रों का सप्ताह में कम से कम एक बार निरीक्षण कर रोड़/नाली साफ–सफाई कार्य पर निगरानी रखेंगे।
2. ऐसे पोईन्ट/स्थान जहां पर्याप्त सफाई नहीं पायी जाती है उसकी Geotagged फोटो लेकर पत्रावली पर संधारित करेंगे।
3. प्रभारी अधिकारी भी सभी जोनो में समय–समय पर निरीक्षण कर साफ–सफाई सुनिश्चित करेंगे।
4. साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट मय फोटोग्राफ सभी सहप्रभारी अधिकारी प्रभारी अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक सोमवार को सांय 5.00 बजे से पूर्व प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
5. निरीक्षण के दौरान संवेदक/प्रतिनिधि को साथ ले जाना सुनिश्चित करें। संवेदक को स्वास्थ्य शाखा द्वारा पाबन्द किया जावें।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्तानुसार समस्त प्रभारी एवं सहप्रभारी अधिकारी कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

संलग्नः– जोनवार गावों/कॉलोनियों की सूची

(राम प्रकाश) IAS
आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–

1. उपायुक्त, नगर निगम, उदयपुर।
2. अधीक्षण अभिंयता, नगर निगम, उदयपुर।
3. प्रभारी गैराज को भेजकर लेख है कि श्री सुनिल बोडा, सहायक अभियंता को टैक्सी वाहन उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. श्री सुनिल बोडा, सहायक अभियंता, नगर निगम, उदयपुर।
5. श्री नरेन्द्र श्रीमाली, स्वास्थ्य प्रभारी नगर निगम, उदयपुर।
6. श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, स्वास्थ्य प्रभारी नगर निगम, उदयपुर।
7. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा।
8. प्रभारी अधिकारी, नगर निगम वेबसाइड।

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

Scanned with OKEN Scanner